राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं के लिए चुनाव कराया जाना

1503. **चौधरी हरमोहन सिंह :**
श्री शिव प्रताप मिश्र :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंचायती राज प्रणाली शुरू किये जाने के बाद भी अनेक राज्यों में पंचायती राज संस्थाओं के लिये चुनाव नहीं कराये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) सरकार ने उन राज्यों में क्या प्रयास किये हैं जहां पांच वर्ष के बाद चुनाव नहीं हुये हैं ; और

(घ) संबंधित राज्यों से वहां पर छह मास के भीतर चुनाव कराने के लिये क्या बातचीत की है?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री रामेश्वर ठाकुर) : (क) और (ख) जी, हां । यह सच है कि पंचायती राज कानून की मार्फत पंचायती राज प्रणाली शुरु करने के पश्चात भी कई राज्यों में पंचायती राज निकायों के चुनाव नियमित रूप में नहीं कराये गये हैं । उपलब्ध सूचना के अनुसार आंध्र प्रदेश, बिहार, जम्मू व कश्मीर, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु तथा त्रिपुरा राज्यों में पंचायतों के चुनाव पहले ही हो जाने चाहिये थे ।

(ग) और (घ) संविधान 173वां (संशोधन) अधिनियम, 1992, जिसे 24-4-1993 से लागू किया गया है, के प्रावधानों के अनुसार अब राज्यों को प्रत्येक पांच वर्ष में पंचायतों के चुनाव कराने पड़ेंगे । भारत सरकार ने 3-7-1993 को राज्यों के पंचायत के प्रभारी मंत्रियों तथा सचिवों का एक सम्मेलन बुलाया था जिसमें राज्यों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की थी कि वे अपनी राज्य विधान सभाओं के अगले सत्र के दौरान अपने विद्यमान पंचायत कानूनों में संशोधन करेंगे (अथवा एक नया कानून बनायेंगे) ताकि इन्हें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुरुप बनाया जा सके । इस बात पर भी सहमति हुई थी कि जिन पंचायतों के चुनाव होने हैं, वहां इन कानूनों संशोधनों के लागू होने के पश्चात छ: मास के भीतर पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव कराने के लिये कदम उठाये जायेंगे ।

गुजरात में ग्रामीण विकास योजनाओं का ब्यौरा

1504. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात सरकार ने पिछले तीन वर्ष के दौरान जिलेवार कौन-कौन सी ग्रामीण विकास योजनायें केन्द्रीय सरकार के पास मंजूरी के लिये पेश की हैं;

(ख) इनमें से किस-किस योजना को आदिवासी और पिछड़े क्षेत्रों कार्यान्वित किया जायेगा;

(ग) गुजरात सरकार ने इन योजनाओं के लिये कितनी धनराशि आवंटित की है ;

(घ) क्या ये योजनायें ग्रामीण रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने की ओर लक्षित है और क्या इनमें स्व-रोजगार के लिये संसाधन जुटाने हेतु कोई उपबंध है ; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम और जवाहर रोजगार योजना केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं हैं;